हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 3 अगस्त 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 कुंडेश्वर धाम में अब श्रद्धालुओं को मिलेगा ...



07 पाइपों ने छोड़ा पानी का साथ, गहराया पेयजल संकट...



एक आरक्षक को चोट लगी, वाहन क्षतिग्रस्त, घटना के बाद प्रशासन हरकत में

टाइगर रिजर्व में प्राचीन मनके खोद रहे ग्रामीणों को रोकने गई पुलिस पर पथराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की सीमा में विगत एक पखवाड़े से चल रही प्राचीन मनकों खुदाई रोकने गई देवरी थाना पुलिस और ग्रामीणों के बीच टकराव हो गया। पुलिस द्वारा खुदाई कर रहे लगभग 1 हजार से अधिक ग्रामीणों को खदेड़ने के दौरान ग्रामीणों ने उन पर पथराव कर दिया जिसमें थाने में तैनात एक आरक्षक घायल हो गया एवं पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद प्रशासन हरकत में आया और प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की सुध ली और ग्रामीणों को समझाइश और वन विभाग को सर्तकता और निगरानी के निर्देश दिये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की वन बीट सुना के अंतर्गत राजा बाबा नामक पुरातात्विक स्थल पर विगत एक पखवाड़े से ग्रामीणों द्वारा प्राचीन मनकों की तलाश में खुदाई की जा रही है। हकीक पत्थर जैसे दिखने वाले इन प्राचीन मनकों की अच्छी कीमत मिलने के कारण उक्त स्थल पर आसपास एवं दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों की संख्या बढ़ती गई और आंकड़ा 15 सौ को पार कर गया। जिसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुँची थी और वारदात सामने आई।





पुलिस ने लाठियां भांजी ग्रामीणों ने किया पथराव

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर लगभग 2 बजे देवरी थाना पुलिस थाना प्रभारी की अगुवाई में खुदाई स्थल पर पहुँची उस दौरान वहा लगभग 15 सौ से अधिक ग्रामीण महिला, पुरूष और बच्चे मौजूद थे। पुलिस द्वारा उन्हें खुदाई से रोकने और हटाने के लिए खदेड़ने का प्रयास किया गया तो ग्रामीणों उग्र हो गये और पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। जिसमें थाने में पदस्थ आरक्षक चोटिल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र देवरी में भर्ती कराया गया है। पथराव में देवरी थाने का बोलरों वाहन भी चपेट में आने से उसका कांच क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद ग्रामीण जंगल और ग्रामीण रास्तों से भाग गये।

वारदात के बाद हरकत में आया प्रशासन

पुलिस अमले पर पथराव की घटना के बाद अब प्रशासन हरकत में आ गया है, घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम देवरी, तहसीलदार देवरी सहित पुलिस एवं टाइगर रिजर्व के वन अधिकारी मौके पर पहुँचे और घटना की जानकारी ली। वन सीमा में हो रही अवैध खुदाई को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों से वन चौकी स्थापित करने एवं लगातार निगरानी रखने के लिए गस्त किये जाने को कहा गया है।

एक पखवाड़े से चल रही खुदाई पंचायत ने दी थी जानकारी

विगत एक पखवाड़े से चल रही इस खुदाई को लेकर पंचायत द्वारा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों, राजस्व अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को सूचना दी गई थी परंतु उनके द्वारा समय रहते मामले को संज्ञान में नही लिया गया जिसके कारण खजाने के लालच में ग्रामीणों की संख्या बढ़ती गई और ग्रामीणों के प्रतिरोध की घटना सामने आई। देवरी और केसली क्षेत्र में प्राचीन मनकों की यह पहली घटना नहीं है विकासखंड के ग्राम बीना, मढ़खेरा, ईशुरपुर, पनारी, रमखिरिया, अर्जुन्दा एवं केसली विकासखंड के घाना, सहजपुर आदि ग्रामों में इन प्रचीन मनकों की खुदाई की कई घटनाये सामने आ चुकी है।

टाइगर रिजर्व की सुरक्षा पर सवाल

रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की सीमा में हजारों ग्रामीणों का एकत्रीकरण और वन भूमि पर एक पखवाड़े तक खुदाई किया जाना वन अधिकारियों की सक्रियता और टाइगर रिजर्व की सुरक्षा पर सवाल खड़े करता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले को लेकर टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में विगत दिवस ग्राम खुरई राजा बिलहरा निवासी संतोष नाथ नामक युवक को मोटर साईकिल सहित गिरप्तार कर उसके विरूद्ध वन अपराध पंजीबद्ध किया गया था। परंतु विभाग की यह कार्रवाई महज खानापूर्ति साबित हुई और ग्रामीणों संख्या बढ़ती रही। फिलहाल राजा बाबा दरबार नामक स्थान के आसपास प्राचीन मनके और कथित खजाने मिलने की की चर्चा पूरे क्षेत्र में बनी हुई है। अब प्रशासन और संबंधित विभागों की जांच से ही स्पष्ट होगा कि जंगल में मिली बताई जा रही वस्तुएं वास्तव में कोई पुरातात्विक धरोहर हैं या फिर अफवाहों और चर्चाओं का असर।



डाक कावड़ यात्रा का तीन बत्ती पर किया स्वागत

सागर। डाक कावड़ यात्रा बीएमसी परिसर से मृत्युंजय महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर मां नर्मदा जल लेकर कावड़ लेकर वापस आने पर तीन बत्ती पर शहर सेवादल परिवार ने स्वागत किया। पुष्प वर्षा एवं कावड़ पर माल्यार्पण किया। जिसमें शहर सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे, पूर्व जिला अध्यक्ष युवक कांग्रेस राहुल चौबे, टिंकू जैन, उन्मू ठाकुर, खाटू शुक्ला, रवि जैन, पप्पू सैनी, बाबी जैन, आकाश नामदेव, अंकित गुप्ता, सोनू चुटेले, कमलेश चुटेले, दिनेश पटेल, ऋषभ दुबे, शुभम उपाध्याय आदि ने तीन बत्ती पर स्वागत किया।



तुलसी फाउंडेशन की कावड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

सागर। तुलसी फाउंडेशन द्वारा आयोजित होने वाली भव्य कावड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर मोतीनगर स्थित सरस्वती मैरिज गार्डन में बैठक आयोजित की गई। इसमें कावड़ यात्रा की व्यवस्थाओं, पंजीयन, परिवहन, भोजन, चिकित्सा, सुरक्षा, अनुशासन एवं प्रचार-प्रसार पर चर्चा कर यात्रा को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने का संकल्प लिया गया।तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के मार्गदर्शक महंत श्री विपिन बिहारी जी महाराज ने कहा कि कावड़ यात्रा सनातन संस्कृति, सेवा और सामाजिक एकता का महापर्व है। उन्होंने सभी सनातन धर्मावलंबियों से यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का आह्वान किया। संयोजक हरिराम सिंह ठाकुर, अध्यक्ष प्रदीप राजौरिया, सह संयोजक रामअवतार पांडेय एवं डॉ. अनिल तिवारी ने अनुशासन और सेवा भाव के साथ यात्रा को सफल बनाने की अपील की।बैठक में बड़ी संख्या में शिवभक्त, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समिति पदाधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

पात्र बच्चों को चिन्हित कर आश्रम शालाओं में प्रवेश दिलाने के निर्देश

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा विगत दिवस गढ़ाकोटा में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित आश्रम शाला के निरीक्षण के दौरान छात्रावास में रिक्त स्थानों की पूर्ति के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के पालन में अनुविभागीय अधिकारी रहली कुलदीप पाराशर द्वारा सभी छात्रावासों के अधीक्षकों एवं आसपास की अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्राम पंचायतों के कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी छात्रावासों में उपलब्ध एवं रिक्त स्थानों की जानकारी ली गई। अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायतों तथा सीनियर छात्रावासों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के सहयोग से कक्षा एक से पांच तक के पात्र बालकों को आश्रम शाला में प्रवेश के लिए प्रेरित किया जाए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पात्र बच्चों को चिन्हित कर उनके पालकों से चर्चा करने तथा आश्रम शाला में उपलब्ध सभी रिक्त स्थानों पर प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कटरा क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

सागर। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने शनिवार को शाम 6 बजे तीनबत्ती कटरा होते हुए विजय टॉकीज तिराहा, नगर निगम टपरा मार्केट आदि का निरीक्षण किया और कटरा क्षेत्र में जगह-जगह अतिक्रमण कर अव्यवस्था फैलाने वाले अतिक्रमणकारीयों पर समक्ष में खड़े होकर सामग्री जब्ती की सख्त कार्यवाही कराई। उन्होंने कटरा व्यवसायिक क्षेत्र में पक्की दुकानों के बाहर फुटपाथ पर विक्रय सामग्री रखकर अतिक्रमण करने वालों के कपड़ा स्टैंड, तखत, फल क्रेट, स्टैंड आदि जब्त करायें। उन्होंने निगमकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा की निगम टपरा मार्केट में दुकानदारों से शपथ पत्र बनवाएं सभी अपनी दुकान गली को स्वच्छ रखेंगे। जो भी दुकानदार गंदगी फैलाते हैं या जिनकी दुकान के आस पास गंदगी, , पेकिंग मटेरियल आदि कचड़ा डला मिले तो तत्काल चालानी कार्यवाही करें।



सबसे प्रेम सबकी सेवा को जीवन का मूल मंत्र बनाएं : शर्मा

सागर। श्री सत्य साई सेवा संगठन सेंट्रल ट्रस्ट का सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ जिले की देवरी, हनौता, खुरई समितियों में भक्तों को दर्शन देते हुए शुक्रवार को नगर में प्रवेश किया। सिविल लाइन स्थित पिंपलापुरे आवास पर सुबह रथ का स्वागत, वंदन और शाम को भजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सेवा दल प्रभारी सरवन यादव ने दिव्य संदेश के साथ 25 जुलाई से लगातार रथ के ध्वजवाहक रहने के अनुभव साझा करते हुए कहा कि कभी असत्य न बोलने के कारण यह दिव्य अवसर प्राप्त हुआ है, आप सब भी इसका पालन करें। सागर में रथ की संपूर्ण व्यवस्थापक और समिति सेवा प्रभारी डॉ. निकिता पिंपलापुरे ने भजन के बाद महामंगल आरती की। जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि रथ के जिले में भ्रमण के दौरान बहुत सारे वे भक्त भी सामने आए जो पुट्टपर्ती (आंध्रप्रदेश) के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से हृदय का निःशुल्क इलाज करा चुके हैं और आज स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। शर्मा ने कहा सबसे प्रेम सबकी सेवा बाबा के वाक्य को जीवन का मूल मंत्र बनाएं।

मंत्री राजपूत ने जैसीनगर में किया पैदल भ्रमण समस्याएं सुन 2 करोड़ की राशि की स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने रविवार को जैसीनगर नगर क्षेत्र में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ पैदल भ्रमण कर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने गली-गली और घर-घर पहुंचकर लोगों से आत्मीय मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुन 2 करोड़ की राशि स्वीकृत की तथा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की स्थिति का स्वयं निरीक्षण किया। गौरतलब है कि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जैसीनगर में 40 करोड़ की लागत से सांदीपनि विद्यालय, 7 करोड़ की लागत से ऑडोटोरियम, 12 करोड़ की लागत से कॉलेज भवन, 2 करोड़ की लागत से बस स्टैंड से जहां जैसीनगर का विकास किया तो वहीं जैसीनगर के लिए 20 करोड़ की लागत से बनने वाली 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल की भ्रमण के दौरान क्षेत्रवासियों को सौगात दी।

मंत्री राजपूत ने भ्रमण के दौरान किसी औपचारिक कार्यक्रम की बजाय आम नागरिकों के बीच बैठकर सहज वातावरण में संवाद किया। उन्होंने हर मोहल्ले और हर गली में पहुंचकर लोगों का हाल चाल जाना तथा अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर राजपूत ने कहा कि अभी कोई चुनाव नहीं है और न ही कोई प्रचार अभियान चल रहा है। सुरखी विधानसभा मेरा घर है और जैसीनगर का प्रत्येक परिवार मेरे अपने परिवार का सदस्य है। मैं केवल आप सबसे मिलने, आपका हाल जानने और आपकी समस्याएं स्वयं सुनने के लिए आपके बीच आया हूं। जनता का प्रेम और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल चुनाव के समय जनता के बीच जाना नहीं, बल्कि हर सुख-दुख में लोगों के साथ खड़ा रहना है। जनता की समस्याओं का समाधान करना ही उनके जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य है।





ग्राम लखनी में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी मूर्ति की स्थापना कार्यक्रम हर्षोल्लास से संपन्न

सागर। ग्राम लखनी हनोता में सतगुरु रविदास जी महाराज की मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम रखा गया। मूर्ति स्थापना में पधारे संत अर्जुनदास जी महाराज ने गुरु रविदास जी महाराज की वाणी से समस्त लोगों को अवगत कराया एवं मूर्ति स्थापना की मूर्ति स्थापना में अहिरवार महासभा के समस्त कार्यकर्ता ने कार्यक्रम में पहुंचकर गुरु महाराज के चरणों में माथा ठेका। अहिरवार महासभा के संरक्षक एडवोकेट धन सिंह अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु रविदास जी महाराज ने अपनी वाणी में कहा रविदास मदिरा क्या पीजिये जो चढ़े चढ़े उतराये नाम महारस पीजिये जो चढ़े नही उतराये ।इसी तरह उन्होंने कहा कि हमारे समाज को मांस नहीं खाना चाहिए क्योंकि कबीर साहब ने कहा है जो नर मछली खात है मद्यपान नित हेत वो नर जड़ से जात है ज्यों मूली के खेत और उन्होंने आगे कहा कि गुरु रविदास जी महाराज समरसता के नही समानता वादी संत थे । वे सभी को समानता का अधिकार एक बराबर देना चाहते थे। कार्यक्रम में अहिरवार महासभा के संरक्षक खाद्य अधिकारी राकेश अहिरवार ने कहा कि समाज में फैली कुरूतियो को दूर करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को डाक्टर राजकुमार अहिरवार एवं सीताराम अहिरवार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप अहिरवार सचिव ने किया। कार्यक्रम में जीवन शरण पजनारी, शंकर माते, रघुवर चौधरी, इमरत अहिरवार, चतुर्भुज लखनी, देवेंद्र बड़कुल हरलाल माते, बैरागी दास सहित कई गांवों से समाज जन उपस्थित थे।

'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ

नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की ताकतः डॉ. अनिल तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा माई भारत के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ रविवार को स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, सागर में उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं नागरिकों ने भाग लिया और नशामुक्त भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के सीधा प्रसारण से हुआ। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ परिवार, मित्रों और समाज को भी जागरूक करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नशामुक्त भारत केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य का राष्ट्रीय संकल्प है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। यदि युवा अपने जीवन में अनुशासन, नैतिकता, सकारात्मक सोच और राष्ट्रसेवा को अपनाएं तथा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें, तभी विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि ऐसे जिम्मेदार नागरिक तैयार करने का माध्यम है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें।

डॉ. तिवारी ने कहा कि आज नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित कर रहा है। ऐसे समय में शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे विद्यार्थियों में जागरूकता, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करें। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नशामुक्ति का संदेश अपने गांव, मोहल्ले और समाज तक पहुंचाएं तथा इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दें।

कार्यक्रम में नरयावली विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंजी. प्रदीप लारिया ने भी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशामुक्त समाज ही स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र की पहचान है। उन्होंने युवाओं से खेल, शिक्षा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष पं. श्याम तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में चलाया जा रहा यह अभियान युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का महत्वपूर्ण प्रयास है और प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे, दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे तथा 'नशा मुक्त भारत–विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने में सक्रिय योगदान देंगे।

इस अवसर पर नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया, भाजपा जिला अध्यक्ष पं. श्याम तिवारी, प्रखर तिवारी, सुश्री सौम्या तिवारी, रोहित यादव, डॉ. शैलेंद्र पाटील, डॉ. नीरज तोपखाने, नितिन सोनी सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने 44 उपचाररत मरीजों को बस एवं एम्बुलेंस के माध्यम से भोपाल उपचार के लिए भेजा

गढ़ाकोटा। रहली विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रों के 44 उपचाररत मरीजों को उनके परिजनों एवं सहयोगियों सहित कुल 92 लोगों के साथ बस एवं एम्बुलेंस के माध्यम से भोपाल उपचार हेतु भेजा गया।इनमें सात माह एवं पाँच वर्ष आयु के दो मासूम बच्चों के हृदय ऑपरेशन सहित किडनी, लीवर, हृदय, बच्चेदानी तथा हड्डियों से संबंधित गंभीर रोगों से पीड़ित मरीज शामिल हैं।सभी मरीजों एवं उनके साथ आए परिजनों के लिए भोपाल स्थित मेरे निवास पर विश्राम एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। कल सभी मरीजों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न चिकित्सालयों में भेजकर आवश्यक जांच एवं उपचार प्रारंभ कराया जाएगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी मरीज शीघ्र पूर्णतः स्वस्थ होकर शीघ्र घर लौटें।

पॉलिसी बंद होने, बोनस व टैक्स का झांसे देकर खातों में जमा कराई रकम

बीमा पॉलिसी के नाम पर शिक्षक से 26 लाख की बड़ी ठगी पर भी पुलिस उदासीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

बीमा पॉलिसी के नाम पर एक शिक्षक के साथ करीब 26 लाख रुपये की बड़ी साइबर ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। ठगी का शिकार हुए शिक्षक जागेश्वर प्रसाद अहिरवार निवासी ग्राम कलरा थाना बम्होरीकलां ने स्थानीय पुलिस थाना, एसडीओपी कार्यालय सहित पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ को भी आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और ठगी गई रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई लेकिन पीड़ित शिक्षक जागेश्वर की कही भी सुनवाई नहीं होने पर शिक्षक और उनका परिवार गहरे सदमे में है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कथित जालसाजों ने बीमा पॉलिसी से संबंधित अलग-अलग प्रक्रियाओं, पॉलिसी बंद होने, बोनस, टैक्स एवं अन्य औपचारिकताओं का हवाला देकर शिक्षक को अपने जाल में फंसाया और अलग-अलग बैंक खातों में लाखों रुपये जमा करा लिए। शिकायतकर्ता जागेश्वर के अनुसार, इस मामले में कुल 26 लाख 11 हजार 808 रुपये की राशि उसके साथ ठगी गई है। आवेदन में मामले से जुड़े कई बैंक खातों, ट्रांजेक्शन और आरोपियों के नामों का उल्लेख करते हुए पुलिस से पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई गई है।



पॉलिसी के बहाने शुरू हुआ संपर्क, फिर बढ़ती गई रकम की मांग

पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन के अनुसार, शिक्षक जागेश्वर को कथित तौर पर बीमा पॉलिसी के संबंध में संपर्क किया गया। इसके बाद जालसाजों ने अलग-अलग बहानों से उनसे रकम जमा कराने को कहा। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कभी पॉलिसी संबंधी प्रक्रिया पूरी करने, कभी राशि रिलीज कराने तो कभी अन्य औपचारिकताओं के नाम पर लगातार रकम मांगी गई। शुरुआत में शिक्षक जागेश्वर को विश्वास में लेने के बाद कथित आरोपियों ने अलग-अलग बैंक खातों में रकम जमा कराई। शिकायत के मुताबिक, रकम जमा कराने का सिलसिला बढ़ता गया और शिक्षक को यह भरोसा दिलाया जाता रहा कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनकी राशि वापस मिल जाएगी।

एक खाते से दूसरे खाते में पहुंची रकम


आवेदन में शिकायतकर्ता जागेश्वर ने विभिन्न खातों में जमा कराई गई रकम का भी उल्लेख किया है। शिकायत के अनुसार, आरोपियों द्वारा बताए गए बैंक खातों में अलग-अलग राशि ट्रांसफर की गई। आवेदन में करीब 25.60 लाख रुपये की कुल राशि आरोपियों को भेजे जाने का उल्लेख है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि एक ओर उससे लगातार पैसे जमा कराए जाते रहे, वहीं दूसरी ओर जब उसने अपनी रकम वापस लेने का प्रयास किया तो कथित आरोपी टालमटोल करते रहे। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ और उसने पुलिस से शिकायत की।

पुलिस अधिकारियों और सीएम हेल्पलाइन तक पहुंचा मामला

आवेदन में शिकायतकर्ता शिक्षक जागेश्वर ने बताया है कि उसने मामले को लेकर पूर्व में भी संबंधित पुलिस अधिकारियों सहित विभिन्न स्तरों पर शिकायतें की थीं। आवेदन में सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों का भी उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसने अपनी शिकायत में बैंक खातों, ट्रांजेक्शन और कथित आरोपियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई है। इसके बावजूद शिकायतकर्ता का आरोप है कि मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो सकी। अब उसने पुलिस अधीक्षक से मामले की गंभीरता से जांच कराकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

शिकायत में कई लोगों पर आरोप, पुलिस ने पकड़ा, फिर छोड़ा

पीड़ित शिक्षक जागेश्वर ने शिकायत में बताया कि पुलिस एफआईआर में कुल 9 आरोपी नामदर्ज है जिनमे कृष्णा गोपाल स्वर्णकार, गुलाव सिंह, गुरुमुख सिंह धालीवाल, जी जयारमैया, राजवीर सिंह राजपूत, आशीष मेहरा, स्वाती शर्मा, राहुल शुक्ला, हितेश पाठक, राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव आदि शामिल है। जिसमें से कृष्णा गोपाल स्वर्णकार को 15 अप्रैल को पुलिस ने नोटिस देकर बुलाया और फिर उसे छोड़ दिया गया। आवेदन में शिकायतकर्ता जागेश्वर ने बताया है कि इन्हीं लोगों द्वारा बीमा पॉलिसी के नाम पर उसे रकम जमा कराने के लिए प्रेरित किया गया। शिकायत में कथित आरोपियों के बैंक खातों में भेजी गई रकम और ट्रांजेक्शन का



विवरण भी दिया गया है।

परिवार सदमे में, आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बढ़ेगा खतरा

शिकायतकर्ता जागेश्वर ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि ठगी की बड़ी रकम चले जाने से उसका पूरा परिवार मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान है। उसका आरोप है कि यदि आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो वे अन्य लोगों को भी इसी तरह अपने जाल में फंसा सकते हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपियों के बैंक खातों एवं मोबाइल नंबरों की जांच कराने, ठगी की रकम का पता लगाने तथा दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर राशि वापस दिलाने की मांग की है।

साइबर ठगी के इस मामले में कई सवाल


शिक्षक जागेश्वर से 26 लाख रुपये की बढ़ी ठगी का यह मामला सामने आने के बाद साइबर अपराध को लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं। यदि शिकायत में बताए गए बैंक खातों में वास्तव में लाखों रुपये ट्रांसफर हुए हैं, तो बैंकिंग ट्रांजेक्शन, खाताधारकों, मोबाइल नंबरों, कॉल डिटेल और पैसों के आगे हुए लेन-देन की जांच से पूरे मामले की कड़ियां सामने आ सकती हैं। फिलहाल शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों की पुलिस जांच के बाद ही उनकी पुष्टि हो सकेगी। पुलिस कार्रवाई और जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि बीमा पॉलिसी के नाम पर शिक्षक से रकम वसूलने के पीछे कौन लोग थे और ठगी की रकम आखिर किन-किन खातों में पहुंची।

कुंडेश्वर धाम में अब श्रद्धालुओं को मिलेगा अर्पित प्रसाद

श्रावणमास भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस ने बनाया ट्रैफिक प्लान



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



दतिया के प्रसिद्ध मां पीतांबरा माई मंदिर और ओरछा के रामराजा सरकार मंदिर की तर्ज पर अब जिले के प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल कुंडेश्वर धाम में भी श्रद्धालुओं को भगवान भोलेनाथ को अर्पित प्रसाद उपलब्ध कराया जाएगा। श्रावण मास के शुभारंभ के साथ ही कुंडेश्वर मंदिर में प्रसाद वितरण की नई व्यवस्था शुरू कर दी गई है। भगवान भोलेनाथ को अर्पित प्रसाद श्रद्धालुओं को बेसन के लड्डू के रूप में दिया जाएगा। इस नई व्यवस्था की विधिवत शुरुआत धजरई मंदिर के महंत सीताराम दास जी महाराज द्वारा पूजन-अर्चन के साथ की गई। साथ ही दूसरी ओर श्रावण मास को देखते हुये पुलिस ने भी यातायात व्यवस्था व भीड़ नियंत्रण के लिये रूट प्लान तैयार कर लिया है।

श्रावण मास में कुंडेश्वर धाम का धार्मिक महत्व और बढ़ जाता है। भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। खासकर श्रावण के सोमवार को कुंडेश्वर में आस्था का सैलाब उमड़ता है। इस बार भी श्रावण मास के पहले सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के मार्गों पर भीड़ नियंत्रण तथा यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग ने विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया है।

पुलिस द्वारा जारी यातायात व्यवस्था के अनुसार यह प्लान सोमवार सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रभावी रहेगा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण टीकमगढ़ से कुंडेश्वर होते हुए महरौनी जाने वाले तथा महरौनी से टीकमगढ़ आने वाले वाहनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। कुंडेश्वर मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यात्री बस, ट्रक और अन्य मालवाहक वाहनों के लिए पीजी कॉलेज-गणेशगंज-कुंडेश्वर-खिरिया-महरौनी का सामान्य मार्ग भीड़ के कारण बाधित रहने की संभावना को देखते हुए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया गया है। ऐसे वाहनों को पीजी कॉलेज से श्मशान घाट तिराहा होते हुए बानपुर मार्ग से महरौनी की ओर जाने तथा इसी मार्ग से वापस लौटने की सलाह दी गई है। दर्शनार्थियों के निजी वाहनों के लिए भी अलग-अलग पार्किंग व्यवस्था की गई है। पीजी कॉलेज की ओर से कुंडेश्वर आने वाले चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों के लिए डाइट पार्किंग चिन्हित की गई है। श्रद्धालु अपने वाहन यहां पार्क कर पैदल मंदिर पहुंचकर दर्शन कर सकेंगे। दर्शन के बाद वाहनों की निकासी अस्तोन मार्ग से कराई जाएगी, जहां से वाहन चालक टीकमगढ़ अथवा महरौनी की ओर जा सकेंगे। डाइट ग्राउंड की पार्किंग भर जाने की स्थिति में मोटरसाइकिलों को सरदार पार्क में पार्क कराया जाएगा। यदि डाइट पार्किंग और सरदार पार्क दोनों की क्षमता पूरी हो जाती है तो दोपहिया वाहनों को कृषि महाविद्यालय के खुले मैदान में खड़ा कराया जाएगा। इसी प्रकार डाइट की चार पहिया वाहन पार्किंग भरने के बाद चार पहिया वाहनों के लिए महर्षि स्कूल में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

खिरिया की तरफ से कुंडेश्वर आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए भी अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है। ऐसे दर्शनार्थी अपने वाहन जमडार नदी के पुल से पहले बनाई गई पार्किंग में खड़े करेंगे। इसके बाद श्रद्धालु पैदल पुल पार कर कुंडेश्वर धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर सकेंगे। इससे मंदिर के मुख्य मार्ग पर वाहनों का दबाव कम करने और श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारु बनाए रखने में मदद मिलेगी। वहीं, कुंडेश्वर पहुंचने वाले रिक्शा वाहनों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है।

रिक्शा की पार्किंग, श्रद्धालुओं को उतारने और सवारी बैठाने की व्यवस्था कुंडेश्वर मंदिर के मेला ग्राउंड में निर्धारित की गई है। इसके अलावा किसी अन्य स्थान पर रिक्शा खड़ा करना अथवा अनावश्यक रूप से रोकना प्रतिबंधित रहेगा। श्रावण के पहले सोमवार को कुंडेश्वर धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने लोगों से यातायात व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है। निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने, प्रतिबंधित मार्गों पर वाहन नहीं ले जाने और पुलिस द्वारा लगाए गए यातायात संकेतों का पालन करने की अपील की गई है।

चोरों-ठगों के लिए सॉफ्ट टारगेट बनता जा रहा बम्हौरीकलां थाना क्षेत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले का बम्हौरीकलां थाना क्षेत्र लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के चलते अब चोरों और ठगों के लिए सॉफ्ट टारगेट बनता नजर आ रहा है। थाना क्षेत्र में एक के बाद एक सामने आ रही चोरी की लगातार वारदातों से ग्रामीणों में दहशत के साथ साथ आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। हाल ही में हुई चोरी की घटना को एक माह के भीतर तीसरी बड़ी वारदात बताया जा रहा है। ताजा मामले में अज्ञात चोरों ने बम्हौरीकलां थाना परिसर से महज करीब 400 मीटर की दूरी पर जतारा-मऊरानीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित विद्युत मंडल कार्यालय को निशाना बनाकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दे दी। जानकारी के अनुसार अज्ञात चोर देर रात विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचे और कार्यालय का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने कार्यालय में रखे कंप्यूटर, प्रिंटर सहित अन्य जरूरी सामान को अपना निशाना बनाया और सामान चोरी कर मौके से फरार हो गए। रात में हुई इस वारदात की जानकारी कर्मचारियों को सुबह कार्यालय पहुंचने पर हुई।

संसद में साधु वेश में प्रदर्शन पर संत समाज भड़का, सदस्यता रद्द की मांग

'भगवा त्याग और धर्म का प्रतीक, राजनीतिक प्रदर्शन में इस्तेमाल से संत समाज का अपमान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

संसद जैसे संवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थान में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव द्वारा साधु वेश धारण कर किए गए प्रदर्शन को लेकर संत समाज में नाराजगी सामने आई है। प्रशिद्ध धजरई हनुमान मंदिर के महंत और निर्मोही अखाड़े के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज ने साधु-संतों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर सांसद पप्पू यादव के इस कदम का कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि भगवा वस्त्र साधु-संतों के त्याग, तपस्या और सनातन परंपरा का प्रतीक है, ऐसे में राजनीतिक प्रदर्शन के दौरान साधु वेश धारण करना संत समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है।

महंत सीताराम दास महाराज ने कहा कि साधु-संतों की वेशभूषा केवल पहनावा नहीं, बल्कि त्याग, संयम, तपस्या और धर्म के प्रति समर्पण की पहचान है। संसद के भीतर साधु वेश धारण कर राजनीतिक विरोध प्रदर्शन करना इस परंपरा की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक व्यक्ति को



अपने राजनीतिक विरोध अथवा प्रदर्शन के लिए साधु-संतों की वेशभूषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान महंत सीताराम दास महाराज ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से पप्पू यादव की संसद सदस्यता समाप्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि संसद की अपनी गरिमा और मर्यादा है तथा जनप्रतिनिधियों को उसका पालन करना चाहिए। महंत ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी इस मामले में कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संत समाज के सम्मान और धार्मिक परंपराओं से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। महंत सीताराम दास महाराज ने अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर से जुड़े कथित चंदा गड़बड़ी के मामले को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर से जुड़ी कमेटी में शामिल कुछ राजनीतिक लोगों और कर्मचारियों द्वारा चंदे में अनियमितता की गई है। महंत ने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए देश-विदेश से श्रद्धालुओं ने आस्था और विश्वास के साथ सहयोग दिया है, इसलिए चंदे से जुड़े किसी भी प्रकार के कथित भ्रष्टाचार या अनियमितता की निष्पक्ष जांच होना जरूरी है। उन्होंने इस मामले में निर्मोही अखाड़े और अयोध्या के साधु-संतों को किसी भी प्रकार से जोड़ने पर भी आपत्ति जताई। महंत ने स्पष्ट किया कि कथित चंदा गड़बड़ी के मामले से अयोध्या और निर्मोही अखाड़े से जुड़े साधु-संतों का कोई संबंध नहीं है। महंत सीताराम दास ने मांग की है कि श्रीराम मंदिर से संबंधित वर्तमान कमेटी को तत्काल बर्खास्त किया जाए तथा मंदिर की देखरेख और संचालन की जिम्मेदारी निर्मोही अखाड़े सहित अयोध्या के साधु-संतों को सौंपी जाए। उन्होंने कहा कि अयोध्या की धार्मिक परंपराओं और मंदिर व्यवस्था में संत समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, इसलिए मंदिर की व्यवस्था में संतों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। महंत ने बताया कि कथित चंदा गड़बड़ी मामले में एसआईटी की प्रारंभिक जांच के दौरान कुछ लोगों को आरोपी बनाया गया है, लेकिन उनके अनुसार अभी कई बड़े नाम जांच के दायरे से बाहर हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जांच एजेंसी आगे की जांच में अन्य संदिग्ध अथवा कथित रूप से जिम्मेदार लोगों की भूमिका भी सामने लाएगी। महंत सीताराम दास महाराज ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार पर भरोसा जताते हुए कहा कि जांच निष्पक्ष तरीके से आगे बढ़ेगी और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर से जुड़े किसी भी मामले में यदि अनियमितता सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास कायम रहे।

शिव शक्ति अखाड़े की बैठक से विहिप का कोई संबंध नहीं

ललितपुर। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री ध्रुव साहू ने स्पष्ट किया है कि 31 जुलाई 2026 को श्री रामराजा मंदिर में आयोजित शिव शक्ति अखाड़े की बैठक से विश्व हिंदू परिषद का कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि परिषद का नाम इस बैठक से जोड़ा गया, जो पूरी तरह भ्रामक है। ध्रुव साहू ने जारी बयान में बताया कि उन्हें उक्त बैठक की पूर्व में कोई जानकारी नहीं थी। उनके अनुसार, श्रीरामराजा मंदिर के ट्रस्टी का फोन आया था, जिसमें बताया गया कि मंदिर में एक महंत आए हैं और उनसे मुलाकात कर लें। इसी सूचना पर वह विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष नवन सोनी और जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद साहू के साथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जब वे मंदिर पहुंचे तो महंत का उद्बोधन चल रहा था। इस कारण वह कुछ समय के लिए वहां बैठ गए। बाद में उन्हें जानकारी मिली कि वहां शिव शक्ति अखाड़े की बैठक आयोजित की जा रही थी। ध्रुव साहू ने कहा कि उनका मंदिर पहुंचने का उद्देश्य केवल महंत से मुलाकात करना था और बैठक में संगठन की ओर से किसी प्रकार की सहभागिता नहीं थी।

स्कूल-कॉलेजों से गांवों तक पहुंचा पुलिस का संदेश, महिलाओं-बच्चों व युवाओं को बताए बचाव के उपाय

मानव तस्करी दुर्व्यापार के विरुद्ध पुलिस का बड़ा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

विश्व मानव दुर्व्यापार निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जिला पुलिस द्वारा मानव दुर्व्यापार जैसी गंभीर सामाजिक बुराई के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। एक दिवसीय अभियान के तहत महिला थाना सहित जिले के विभिन्न पुलिस थानों की टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन को मानव दुर्व्यापार के खतरों, इसके दुष्परिणामों तथा इससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। अभियान का विशेष फोकस महिलाओं, बच्चों और युवाओं को संभावित खतरे से सतर्क करने पर रहा।

क्या है मानव दुर्व्यापार

पुलिस ने मानव दुर्व्यापार के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि मानव दुर्व्यापार (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) किसी व्यक्ति को डरा-धमकाकर, बलपूर्वक, या धोखे से उसकी मर्जी के खिलाफ व्यावसायिक शोषण, बंधुआ मजदूरी, या देह व्यापार के लिए खरीदने और बेचने का एक गंभीर वैश्विक अपराध है। इसे आधुनिक दासता भी कहा जाता है। पुलिस ने बताया कि मानव दुर्व्यापार एक वैश्विक अपराध है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन आईएलओ का मानना है कि दुनिया भर में दो करोड़ से ज्यादा लोग मानव दुर्व्यापार के शिकार हैं और इसमें 55 प्रतिशत महिलाएं और 26 प्रतिशत बच्चे हैं. यह हथियारों और





ड्रग्स के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा संगठित अपराध है। महिलाएं और बच्चे खास तौर से इनके निशाने पर हैं।

सीधा संवाद करते हुये दी विभिन्न स्वरूपों की जानकारी

पुलिस द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्रामों, सार्वजनिक स्थलों सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर जनसंवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने छात्र-छात्राओं, महिलाओं तथा आम नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए मानव दुर्व्यापार के विभिन्न स्वरूपों की जानकारी देते हुये लोगों को बताया गया कि किस प्रकार अपराधी नौकरी, रोजगार, बेहतर भविष्य, आर्थिक मदद या अन्य तरह के प्रलोभन देकर लोगों को अपने जाल में फंसा सकते हैं और बाद में उनका शोषण कर सकते हैं।

प्रलोभन से सावधान रहने की दी समझाइश

जागरूकता कार्यक्रमों में पुलिस ने विशेष रूप से युवाओं और बच्चों को अनजान व्यक्तियों के बहकावे में नहीं आने तथा किसी भी प्रकार के संदिग्ध प्रस्ताव की तत्काल जानकारी परिवार, शिक्षक या पुलिस को देने की समझाइश दी। महिलाओं और बच्चों के संबंध में भी लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने तथा किसी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि अथवा आवागमन पर नजर रखने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीमों ने पंपलेट वितरित कर मानव दुर्व्यापार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां आमजन तक पहुंचाईं। संवादात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों की शंकाओं का समाधान भी किया गया तथा उन्हें बताया गया कि जागरूकता और समय पर सूचना देकर इस गंभीर अपराध की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है।

संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तत्काल दें पुलिस को सूचना

पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को बच्चों या महिलाओं के संदिग्ध तरीके से ले जाने, अवैध परिवहन, जबरन ले जाने अथवा मानव दुर्व्यापार से जुड़ी किसी भी गतिविधि की जानकारी मिलती है तो उसे नजरअंदाज न करें। ऐसी सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाई जाए, ताकि समय रहते कार्रवाई करते हुए संभावित पीड़ितों को अपराधियों के चंगुल में जाने से बचाया जा सके।

अभियान के दौरान पुलिस ने यह संदेश भी दिया कि मानव दुर्व्यापार केवल कानून-व्यवस्था से जुड़ा अपराध नहीं, बल्कि मानव गरिमा और समाज की सुरक्षा से जुड़ी गंभीर चुनौती है। इसके उन्मूलन के लिए केवल पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी और सतर्कता जरूरी है।

छात्र-छात्राओं और आमजनो ने लिया जागरूकता का संकल्पॉ

जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, महिलाओं, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने सहभागिता की। लोगों ने मानव दुर्व्यापार के खिलाफ जागरूकता फैलाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने का संदेश दिया। पुलिस ने अभियान के माध्यम से आमजन से अपील की कि सतर्क रहें, दूसरों को भी जागरूक करें।

हजारों मवेशी जंगल में फिर भी शहरवासी हो रहे परेशान

बारिश शुरू होते ही शहर की सडकों पर बढ़ जाता निराश्रित गोवंशों का डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



बारिश शुरू होते ही शहर एक अजीब समस्या से जूझने लगा है। समस्या यह है कि श्योपुर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों अचानक छुट्टा मवेशियों की संख्या बढ़ गई है। झुंड के झुंड मवेशियों ने सड़कों पर डेरा जमा लिया है। स्थिति यह है कि हाइवे से लेकर कॉलोनी-मोहल्लों की सड़क और पुलों से निकलना दूभर होता जा रहा है।

बीते एक महीने से विभिन्न गांव के ग्रामीण अपनी फसलों को बचाने के लिए निराश्रित गोवंश को रोजाना हांक कर जंगल ले जाते दिख रहे हैं। हजारों की संख्या में जंगल के भीतर गांवो से लाकर छोड़ी गई गोवंश चारा पानी खाकर पेट भर रही है इसके बावजूद शहर में निराश्रित गोवंश के झुंड कहां से आ रहे हैं। दिन-रात यह मवेशी श्योपुर-पाली हाइवे के अलावा बड़ौदा रोड, शिवपुरी रोड व कॉलोनी मोहल्लों की सड़कों पर डेरा जमाए रहती हैं। आवारा मवेशी के कारण सड़कों पर हालात किस कदर खराब है इसको ऐसे समझिए कि, पटेल चौक से लेकर बस स्टैंड व गौशाला के सामने दिनभर 200 से 300 मवेशी सड़कों पर घूमती रहती हैं। मवेशी सड़क पर कहीं भी बैठ जाती हैं। झुंड में बैठने वाली यह मवेशी वाहनों के हॉर्न से भी टस से मस नहीं होतीं। स्थिति यह है कि, मवेशी के कारण बाइक सवार सड़क छोड़कर फुटपाथ पर होकर निकलते हैं तो बड़े वाहन रेंग-रेंगकर सड़क पर बैठी मवेशियों को बचाते हुए मुड़-मुड़कर निकलते हैं।

एक तो मानसून की बेरुखी ऊपर से मवेशी का डर

इन दिनों किसान बेहद परेशानी से गुजर रहा है। मानसून पूरी तरह रूठा हुआ है। सूखे के हालात निर्मित होते जा रहे हैं। इस बीच कोई किसान नहर से तो कोई बोर से पानी देकर जैसे तैसे फसलों को तैयार कर रहे हैं ऐसी स्थिति में गांव और खेतों में विचरण कर रहे निराश्रित को वंश के फसल को चट कर बर्बाद कर रही है। इस फसल को बर्बाद होने से बचने के लिए किसान गोवंशों को झुंड के रूप में गांव से हांककर शहर लाते हैं और शहर से बाहर जंगल में ले जाकर छोड़ रहे हैं किसानों के लिए गोवंश काल बन चुकी है वह इन्हें अब गांव में बिल्कुल नहीं देखना चाहते हैं क्योंकि इनके मालिक बनने को भी कोई तैयार नहीं है मजबूरी में किसान इन्हें हांक कर जंगल में ले जाकर छोड़ रहा है।

लगातार बढ़ रहे हादसे

सड़कों पर घूम रही छुट्टा मवेशी के कारण सड़क हादसों का ग्राफ अचानक बढ़ गया है। यह मवेशी कभी भी लड़ने लग जाते हैं। मवेशियों की लड़ाई की चपेट में आकर कई लोग अपनी जान गवा चुके हैं। कई लोग हाथ पैर तुड़ाकर अपंग होकर खटिया में पड़े हुए हैं। सड़कों पर हादसे सिर्फ मवेशियों के कारण आदमी के घायल होने के ही नहीं बढ़ रहे बल्कि वाहनों की टक्कर से मवेशी भी घायल हो रहे हैं सड़क पर अचानक मवेशियों को देख ड्राइवर संतुलन खो रहे हैं जिससे मवेशी के पैर टूटने और शरीर पर वाहन चढ़ जाने की घटनाए हो रही हैं। हाईवे पर कई घायल गो वंश का इलाज इन दिनों गो सेवक मौके पर पहुंचकर कर रहे हैं।

चोपना गांव की गुर्जर बस्ती में पानी के लिए हाहाकार

पाइपों ने छोड़ा पानी का साथ, गहराया पेयजल संकट, पलायन का डर



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अवर्षा की स्थिति अब सूखे का रूप धारण करती जा रही है। कई गांवो में पेयजल संकट गहरा गया है। पानी के लिए पलायन की स्थिति निर्मित होती जा रही है। ऐसे ही हालात जनपद श्योपुर की ग्राम पंचायत जावदेश्वर के चोपना गांव की गुर्जर बस्ती में देखने को मिल रहे हैं जहां पर बीते एक महीने से बोर का पानी सूख जाने के कारण बस्तीवासियो को पीने के पानी का संकट आ गया है।

कहने को तो इस बस्ती में पीने के पानी के लिए नल जल योजना और की व्यवस्था की गए है लेकिन नल जल योजना की टंकी में जिस बोर से पानी भरा जाता है वह एक महीने पहले ही सूख गई है। अब पीएचई और ग्राम पंचायत आसमान से बारिश बरसने और भूजल स्तर ऊंचा उठने की उम्मीद में हैं, क्योंकि जो बोर कराया था वह 260 फीट गहरा था और पीएचई द्वारा अंतिम सिरे तक पाईप डालने के बाद भी पाइपों ने पानी का साथ छोड़ दिया है। एक माह पहले बोर का बंद होने का मतलब यह है कि इस बस्ती या गांव में वाटर लेवल 300-350 के ऊपर पहुंच चुका है। ऐसे हालात कई गांव में निर्मित हो रहे हैं जहां पीने के पानी का संकट इतना अधिक आ गया है कि लोग पानी के लिए पलायन करने को मजबूर होते दिख रहे हैं।

इनका कहना...

एक महीने पहले ही पानी ने बोर का साथ छोड़ दिया मेने प्रयास किए थे लेकिन बोर मशीन वहां नहीं जा पा रही है। अब बारिश से ही बोर में पानी आएगा। बस्ती वासियों को निजी बोर से पानी भरवाया जा रहा है। पानी के लिए पलायन होने जैसी हर संभावना को रोकेंगे।

गिरराज मीणा
सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत जावदेश्वर

नीचे वालों से नहीं ऊपर वाले से उम्मीद

चोपना गांव की गुर्जर बस्ती में पेयजल संकट के साथ तकनीकी परेशानी भी आ गई है। ग्राम पंचायत ने भरपूर प्रयास किया कि वहां नई बोर हो जाए लेकिन खेती-बाड़ी का सीजन होने और कच्चे रास्ते की वजह से बोर खनन करने वाली मशीन भी वहां तक नहीं जा पा रही है जिसके कारण एकमात्र रास्ता सिर्फ यही है कि आसमान से पानी बरस जाए और भूजल स्तर ऊपर उठ जाए तो बोर में वापस पानी आ जाए और फिर पीने के पानी की समस्या समाप्त हो जाए इस तकनीकी खामी के चलते लोग अब ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि बारिश बरसा दे और बोर दोबारा से पानी से भर जाए।

डीएम को निरीक्षण में मिली लापरवाही, सचिव पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कलेक्टर शीला दाहिमा ने रविवार को विजयपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ओछापुरा का भ्रमण कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, छात्रावास एवं अन्य पंचायतों सहित मोराई मोड पर स्थित संयुक्त वन नाके का ओचक निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों की शिकायत पर पंचायत सचिव ओछा रामप्रसाद प्रजापति को सचिव पद से हटाकर जनपद में अटैच करने तथा अन्य अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश सीईओ जनपद दीपक धाकड को दिये गये।

ग्राम ओछा में कलेक्टर शीला दाहिमा ने प्रशासनिक व्यवस्था देखी और ग्रामीणों से चर्चा की इस दौरान ग्रामीणों ने अवगत कराया कि पंचायत सचिव प्रजापति गांव में नही आता है और न ही उसके द्वारा शासकीय योजनाओं में ग्रामीणों को लाभ देने का कार्य किया जा रहा है। इस पर सचिव को तत्काल प्रभाव से पंचायत से हटाने तथा अन्य सेकेट्री को प्रभार देने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्रामीणों से स्कूल संचालन तथा अध्ययन-अध्यापन के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने मिडिल स्कूल कक्षा 6 के छात्र पवन आदिवासी से पढाई के संबंध में चर्चा की और उससे डायरी में नाम भी लिखवाया, छात्र ने अपना नाम लिखकर दिखाया। इस दौरान ग्रामीणों ने शिक्षको द्वारा लापरवाही बरतने की शिकायत की, इस पर कलेक्टर ने प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षको को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा को दिये।

अस्पताल, छात्रावास और वन नाके का किया निरीक्षण

कलेक्टर द्वारा जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह शासकीय अनुसूचित जनजातीय बालक छात्रावास का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के दौरान छात्रावास में साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं ठीक नही पाये जाने पर अधीक्षक सुरेश रावत को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने छात्रावास के बच्चों से चर्चा करते हुए उनकी पढाई-लिखाई तथा भोजन-पानी आदि व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली गई। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने ओछापुरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने रोगियों को प्रदाय की जाने वाली दवाओं का अवलोकन किया और दवा उपलब्धता, ओपीडी के संबंध में जानकारी ली गई। डॉ शाक्य ने बताया कि ओपीडी में औसतन प्रतिदिन 20 रोगी आ रहे है, जिन्हें दवाई आदि प्रदान कर उपचार किया जा रहा है, अस्पताल में रोगियों को भर्ती करने की सुविधा भी है। इस अवसर पर कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा अस्पताल परिसर में अमरूद का पौधा लगाकर पौधरोपण भी किया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने चंबल अभ्यारण से रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को रोके जाने के लिए ओछापुरा में मोराई मोड पर स्थापित संयुक्त वन नाके का अवलोकन किया तथा वहां तैनात कर्मचारियों से चर्चा करते हुए ड्यूटी चार्ट, वाहन चैकिंग रजिस्टर आदि रखे जाने के निर्देश दिये।

प्रभारी मंत्री से मिले नगर मंडल अध्यक्ष, सौंपा दो सूत्रीय मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने ग्वालियर स्थित निवास पर श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला से भेंट कर उन्हें श्योपुर जिले के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर चर्चा की और दो सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। प्रभारी मंत्री को सौपे दो सूत्रीय मांगपत्र में नगर मंडल अध्यक्ष मंगल ने बताया है कि नागदा में प्रस्तावित आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि का चयन हो चुका है तथा शासन द्वारा परियोजना हेतु राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। इसके बावजूद भूमि का सीमांकन एवं अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) जारी नहीं होने के कारण निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। लिहाजा इस मामले में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र सीमांकन एवं एनओसी जारी करने के निर्देश दिए जाए। ताकि निर्माण कार्य समय पर प्रारंभ हो सके। मांगपत्र में मंगल ने लोगों की सुविधा के लिए जिला यातायात समिति द्वारा स्वीकृत ऑटो एवं ई-रिक्शा के छह नए मार्गों को तत्काल लागू कराने की मांग भी प्रमुखता से रखी। मंगल ने बताया कि प्रभारी मंत्री ने दोनों विषयों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर भाजपा नगर उपाध्यक्ष महेंद्र दोहरे, नगर मंत्री दिनेश तिवारी, कार्यालय मंत्री सुरेंद्र बिसारिया सहित अन्य कार्यकर्ता उनके साथ थे।

सीएम जन-विश्वास अभियान अंतर्गत पहला कार्यक्रम अलापुरा में

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत अगस्त में होने वाले कार्यक्रम के स्थान निर्धारित कर दिए है। 7 अगस्त शुक्रवार को प्रथम कार्यक्रम बडौदा तहसील के अलापुरा में आयोजित होगा। जिसके तहत जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद बरगवा में 14 अगस्त को, ढोढर में 21 अगस्त को तथा टर्राकला में 28 अगस्त को जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

महिलाओं ने धरती को हरा बनाने के संकल्प के साथ लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशानुसार श्योपुर जिले में पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाए जा रहे हरित महा अभियान 2026 के तहत सीएमओ नरेन्द्र जाटव के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद श्योपुर के अधिकारी एवं कर्मचारीयो एवं शहरी आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह की महिलाओं ने वीर सावरकर स्टेडियम परिसर में स्थित नमो उपवन में वृक्षारोपण किया। इस दौरान समूह से जुडी महिलाओ ने पौध रोपण के लिए जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया।

वीर सावरकर स्टेडियम पर स्थित नमो उपवन में आंवला, सैंजना, चांदनी, कनेर,एवं केसिया के पौधों का रोपण किया गया।इस अवसर पर नगर पालिका श्योपुर के उप यंत्री विनोद त्यागी, केयर टेकर आदित्य चौहान, प्रभारी लेखपाल शिवराज सिंह चौहान, स्टोर कीपर जितेंद्र राव, एनयूएलएम प्रभारी इशितयाक कुरैशी, मुरारी प्रजापति, गोपाल अग्रवाल, ओम सुमन, रिंकू प्रजापति, महावीर बेरवा, सुनील कतरोलिया , रामराज प्रजापति, सहित नगरपालिका के कर्मचारी एवं समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

पानी बचाने में आमजन बनें सहयोगी:रेनू

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग ने अवर्षा के कारण की गहराते जा रहे पेजल संकट की स्थिति को देखते हुए नागरिकों से पानी का संरक्षण करने की अपील की है। नपाधक्ष द्वारा जारी की गई अपील में उल्लेख किया है कि, पानी प्रकृति का अमूल्य उपहार है। आज जल की प्रत्येक बूंद का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। यदि हम आज जल का संरक्षण नहीं करेंगे और इसके दुरुपयोग को नहीं रोकेंगे, तो आने वाले समय में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। जैसा कि आप सभी जानते हैं, श्योपुर नगर में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण भू-जल स्तर लगातार घटता जा रहा है। इसके बावजूद नगरपालिकग परिषद, श्योपुर द्वारा प्रत्येक नागरिक तक नियमित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हमारी पूरी टीम पूरी मुस्तैदी के साथ सभी वार्डो में जलापूर्ति से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान कर रही है तथा में स्वयं प्रतिरिंदन जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर रही हूँ, ताकि नगरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नल को अनावश्यक खुला न छोड़ें तथा आवश्यकता अनुसार ही पानी का उपयोग करें। आपका एक छोटा-सा प्रयास हजारों लीटर पानी बचा सकता है। वाहनों की धुलाई केवल आवश्यकता होने पर ही करें। घरों एवं दुकानों में पानी के रिसाव को तुरंत ठीक करवाएँ। जल संरक्षण केवल आज की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। वर्षा जल संचयन को अपनाएँ, पेड़-पौधों को सुबह या शाम के समय ही पानी दें। बच्चों एवं परिवार के सभी सदस्यों को जल संरक्षण का महत्व समझाएँ। ₹जल बचाएँ, जीवन बचाएँ₹ सार्वजनिक नलों एवं जल स्त्रोतों का दुरुपयोग न करें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

आसमान से गिरे खजूर में अटके वाली कहावत हो गई चरितार्थ

वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए नहीं मिल पाई जमीन फिर अटका चंबल पेयजल परियोजना का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



वीरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम श्यारदा में बनने वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का काम फिर से अटक गया है। क्योंकि इस प्लांट का निर्माण शुरू करने के लिए जल निगम को अभी तक जमीन हैंडओवर नहीं हो पाई है। हालांकि पिछले महिने प्रशासन के द्वारा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए आंवटित जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर उसे जल निगम के सुपुर्द किए जाने की कार्रवाई शुरू की गई थी,मगर इस कार्रवाई के दौरान एक महिला ने मोबाइल टॉवर पर चढ जाने का ड्रामा कर दिया और इसके बाद दो पक्षों के बीच विवाद भी हो गया। जिसकारण प्रशासन को जल निगम को भूमि हैंडओवर किए जाने की कार्रवाई रोकनी पडी। जिसके चलते चंबल पेयजल परियोजना का काम अटक गया है, वहीं आसमान से गिरे खजूर पर अटके वाली कहावत भी चरितार्थ हो गई।

यहां बता दें कि जिले के 377 गांवों में चंबल नदी का पानी पहुंचाने की चंबल पेयजल परियोजना 782 करोड रूपए की लागत की है। जो करीब दो वर्ष पहले की स्वीकृत हो गई थी और इसके टेंडर भी हो गए थे। ग्वालियर प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस परियोजना का शिलान्यास भी कर चुके है। मुरैना जिले के बरौठा गांव में पास इस परियोजना के तहत इंटेकबेल बनाया जाना प्रस्तावित किया गया है,जहां से चंबल नदी का पानी उठाया जाएगा और फिर उसे श्योपुर जिले की वीरपुर तहसील क्षेत्र में बनने वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में लाया जाकर उसे शुद्ध किया जाएगा। लेकिन बरौठा गांव के पास चंबल नदी से पानी उठाए जाने की अनुमति वन मंत्रालय से नहीं मिल पाई। इसलिए इस परियोजना काम अटक गया। काफी दिनों तक यह काम वन मंत्रालय की अनुमति के कारण अटक रहा। जैसे तैसे करके वन मंत्रालय की ओर से इस परियोजना के काम को शुरू करने के लिए अनुमति मिल गई और अब जल निगम इस परियोजना के तहत श्यारदा गांव में आंवटित भूमि पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण शुरू करता,उसके पहले ही एक महिला के द्वारा मोबाइल टॉवर पर चढने का ड्रामा कर दिया। जिसकारण वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण की कार्रवाई अटक गई। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जब तक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण नहीं होगा,तब तक 782 करोड रूपए की यह परियोजना धरातल पर उतर नहीं सकेगी।

तो फिर अप्रैल 2028 तक घर घर कैसे पहुंचेगा शुद्धपानी

बता दें कि वन मंत्रालय की अनुमति मिलने के बाद जल निगम ने इस परियोजना को 28 अप्रैल 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य भी निर्धारित कर लिया और इसके साथही इस परियोजना का काम करने वाली निर्माण कंपनी एचएफसीएल को इंटेकबेवल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश जारी कर दिया है। मगर श्यारदा में जमीन हैंडओवर न होने से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण अटक गया है। ऐसे में सवाल उठा रहा है कि यदि जमीन ही नहीं मिल पाई तो फिर अप्रैल 2028 तक जिले के 377 गांवो में रहने वाले ग्रामीणों के घरों में नलों के जरिए चंबल नदी का पानी शुद्ध होकर कैसे पहुंचेगा।

विजयपुर और कराहल क्षेत्र के गांवों को मिलेगा अधिक फायदा

चंबल पेयजल परियोजना के धरातल पर उतरने के बाद जिले के 377 गांवों में पानी की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। 377 गांवों में सबसे अधिक गांव कराहल और विजयपुर क्षेत्र के ही है। जहां के कई गांवों में गर्मी के दिनों में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती थी, मगर इस परियोजना का काम पूरा होने के बाद पानी की समस्या का स्थाई रूप से समाधान हो जाएगा। विभागीय अधिकारियों की माने तो इस परियोजना के तहत चंबल नदी का पानी श्यारदा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में शुद्ध होने के बाद संबंधित गांवों में बनी नल जल योजना की पानी टंकियों तक पहुंचाया जाएगा। जहां से यह पानी नलो के जरिए घर घर पहुंच जाएगा।

इनका कहना...

श्यारदा गांव में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाना प्रस्तावित है। मगर प्रशासन अभी तक हमे आवंटित जमीन पर कब्जा नहीं दिला पाया है। इसलिए आंवटित भूमि पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण शुरू नहीं हो पा रहा है। जमीन मिल पाएगी,तभी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का काम शुरू कर पाएंगे।

जीपी गनोते
जीएम जल निगम ग्वालियर

बड़ौदा क्षेत्र के लोगों ने बैठक कर शासन प्रशासन को दिया अल्टीमेटम

10 अगस्त तक शुरू नहीं हुआ मूंझरी बांध परियोजना का काम तो होगा जन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



मूंझरी बांध परियोजना बडौदा क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग है। इस परियोजना के लिए वर्ष 2018 में लगभग 415 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की गई थी। इस परियोजना से क्षेत्र के हजारों किसानों को सिंचाई सुविधा मिलने के साथ-साथ कृषि उत्पादन, भूजल स्तर और क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। मगर कई वर्ष बीत जाने के बाद भी परियोजना का कार्य धरातल पर शुरू नहीं हो पाया है। अब यदि शासन प्रशासन ने 10 अगस्त तक मूंझरी बांध परियोजना का काम धरातल पर शुरू नहीं कराया तो इसके विरोध में जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

इस तरह का अल्टीमेटम रविवार को बडौदा क्षेत्र स्थित काकड़ वाले हनुमानजी मंदिर पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने शासन प्रशासन को दिया है।मूंझरी बांध परियोजना को लेकर बुलाई गई इस बैठक में क्षेत्र के किसान, युवा, वरिष्ठजन एवं विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। क्षेत्र के लोगो ने बताया कि इस बैठक का उद्देश्य मुझरी बांध निर्माण की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करना तथा इसके शीघ्र निर्माण के लिए आगे की रणनीति तय करना था। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि अब केवल आश्वासनों से काम नहीं चलेगा, बल्कि परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए ठोस कार्रवाई आवश्यक है। क्षेत्र के विकास से जुड़ी इस महत्वपूर्ण योजना को अनिश्चितकाल तक लंबित रखना उचित नहीं है। बैठक में चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संबंधित शासन एवं प्रशासन को 10 अगस्त तक का समय दिया जाता है। यदि इस अवधि में मूंझरी बांध परियोजना के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने की दिशा में स्पष्ट एवं प्रभावी पहल नहीं की जाती है, तो 10 अगस्त के बाद क्षेत्र वासियों की सहमति से लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण जनआंदोलन की विस्तृत रूपरेखा घोषित की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आंदोलन पूरी तरह संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप होगा। आगामी चरण में गांव-गांव जनजागरण अभियान चलाया जाएगा, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को ज्ञापन दिए जाएंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन सहित अन्य लोकतांत्रिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

खबर संक्षेप

जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत सिरोंज निवासी विनीता बाई उम्र 41 साल ने अज्ञात कारणों के चलते सल्फास खा लिया। जिसे उपचार के लिए मुंगावली अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम बीसोर निवासी प्रमोद पुत्र शिवराम कुशवाह उम्र 33 साल ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

शासकीय कार्य में बाधा डालने पर मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के देहात थाने अंतर्गत त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी रघुनाथ जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शिवराज अहिरवार निवासी ग्राम जनौदा ने शासकीय प्राथमिक स्कूल जनौदा के परिसर में शिक्षक व फरियादी के साथ मारपीट की और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

चोर बाइक चोरी कर ले गए, मामला दर्ज

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतग्रत ग्राम मूडराखाना थाना बहादुरपुर निवासी रामवीर दांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि न्यू बस स्टैंड पर जाट होटल के पास से कोई अज्ञात चोर उसकी बाइक जिसका नंबर एमपी 67 एमसी 3161 है जिसे चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरखेडी निवासी बृजेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बाबूलाल अहिरवार, चार्लीराजा अहिरवार ने उससे मारपीट की। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुना निवासी प्रदीप जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बादल यादव, जयमंडल, विजय, नेपाल यादव निवासी अथाईखेडा ने उससे मारपीट। सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिरौली निवासी प्रेमबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अनेक अहिरवार ने उससे मारपीट की।

धोखाधड़ी का मामला किया गया दर्ज

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत सेहराई निवासी अखण्ड प्रताप सिंह तोमर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने छल पूवर्क एलआईसी पॉलिसी के नाम पर 50 हजार रूपए ट्रांसफर करा लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

खाद वितरण की समीक्षा बैठक आयोजित

अशोकनगर। कलेक्टर की अध्यक्षता में खाद वितरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बताया गया कि डबललॉक केन्द्र अशोकनगर में अपरिहार्य कारणों से सोमवार एवं मंगलवार को यूरिया खाद का वितरण नही किया जाएगा। डबललॉक केन्द्र मुंगावली एवं पिपरई में यूरिया खाद का वितरण किया जाएगा। कृषक अपनी सुविधानुसार खाद प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में सीईओ जिपं राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह,एसडीएम अशोकनगर इसरार खान, उप संचालक कृषि अमित सिंह भदौरिया सहित सहकारिता, एमपीएग्रो एवं संबंधित उपस्थित थे।

भाजपा ने किया जिला टोली का गठन

अशोकनगर। भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा 9 से 15 अगस्त के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय टोली का गठन किया गया है। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि जिला स्तरीय टोली के संयोजक नरेश ग्वाल जिला महामंत्री भाजपा,सह संयोजक शिवेंद्र यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष ईसागढ़,धर्मेंद्र रघुवंशी खैजरा जिला मंत्री, अभय ठाकुर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष को बनाया है।

आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस, हत्या का मामला दर्ज किया

मंदसौर मिल के पास युवक की धारधार हथियार से गला रेतकर हत्या की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर







शहर के मंदसौर मिल क्षेत्र में शुक्रवार रात पुरानी रंजिश के चलते एक 22 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से नृशंस हत्या कर दी गई। हमलावर ने युवक के गले पर इतना भीषण वार किया कि अत्यधिक खून बह जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अभिषेक पुत्र अनिल उर्फ बबलू कुशवाह उम्र 22 साल के रूप में हुई है। शुक्रवार रात करीब 10.45 बजे जब अभिषेक मंदसौर मिल के पास था, तभी घात लगाए आरोपी ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में अभिषेक के गले पर गहरी चोट आई और वह सड़क पर तड़पते हुए गिर पड़ा। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते, अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसने वहीं दम तोड़ दिया।

दो महीने पुरानी रंजिश बनी वजह

कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि अभिषेक और आरोपी कल्लू कुशवाहा के बीच कुछ समय से दुश्मनी चल रही थी। लगभग दो महीने पहले अभिषेक ने कल्लू के साथ मारपीट की थी और इसके बाद उसकी पत्नी व बेटे से भी विवाद किया था। इसी रंजिश का बदला लेने के लिए कल्लू ने इस वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस ने दर्ज किया मामला, आरोपी की तलाश जारी

घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी विवेक शर्मा और कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के बाद शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी



कल्लू कुशवाहा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं और उसे जल्द ही हिरासत में ले लिया जाएगा। टीआई रवि प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि इस घटना में एक ही आरोपी का नाम सामने आ रहा है, आरोपी की तलाश में टीमें लगी हैं।

यह पूरा क्षेत्र अपराधों का बन गया अड्डा

जिस जगह यह घटना हुई है वह सुनीता घोसी के मकान के सामने का स्थल है। मंदसौर मिल क्षेत्र में लगातार अवैध शराब, नशीले पदार्थों का कारोबार होता रहता है। पिछले दिनों मंदसौर मिल क्षेत्र से लगी दीपेश कॉलोनी में भी एक सेक्स स्कैण्डल का मामला सामने आया था, यहां रात्रि में 112 वाहन की बड़ी जरूरत है। जिले में 112 वाहन उन स्थानों पर तैनात किए जाए जो अपराधिक क्षेत्रों के रूप में जाने जाते हैं। ज्ञात हो कि मृतक और आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं, मृतक अभिषेक कुशवाह का पिता चाय की दुकान चलाता है, मृतक दो भाईयों में छोटा था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तफ्शीश में लगी है।

ग्राम नावनी का मामला

शासकीय हैंडपंप पर दबंग का कब्जा, खानापूर्ति कर लौटी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जनपद पंचायत चंदेरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम नावनी में दबंगई का आलम यह है कि सरकारी संपत्ति और आम रास्ते पर खुलेआम कब्जा जमा लिया गया है। शासकीय हैंडपंप को टीन शेड के नीचे कैद कर दिया गया है, वहीं वर्षों पुराने लगभग 20 फीट चौड़े सार्वजनिक रास्ते पर झाड़-झंखाड़ डालकर आम लोगों की आवाजाही पूरी तरह बाधित कर दी गई है। गौरतलब है कि समाचार पत्र हरिभूमि में बीते 31 तारीख को ग्राम नावनी में दबंगों की तानाशाही, शासकीय हैंडपंप पर फिर किया कब्जा शीर्षक से खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। खबर छपने के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप तो मचा, लेकिन जो कार्रवाई हुई, वह महज़ कागजी रस्म अदायगी साबित हो रही है।

नायब तहसीलदार की मौजूदगी में केवल खानापूर्ति?

खबर का असर देखकर मौके पर नायब तहसीलदार, आरआई, पटवारी और पीएचई विभाग की संयुक्त टीम जांच करने पहुंची थी। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर केवल निर्देश दिए और लौट आए। हकीकत यह है कि हैंडपंप के ऊपर टीन शेड लगाने के लिए गड़े लोहे के एंगल और ढांचा आज भी वहीं खड़ा है, जिससे हैंडपंप चालू नहीं हो सका।



20 फीट चौड़ा रास्ता किया ब्लॉक

ग्रामीणों ने बताया कि जिस जगह अतिक्रमण किया गया है, वह करीब 20 फीट चौड़ा पुराना रास्ता है। दबंग ने टीन शेड के अलावा रास्ते में लकड़ियों के कांटेदार झाड़ फैला दिए हैं, जिससे लोगों का पैदल निकलना भी दूभर हो गया है।

ग्रामीणों का पलटवार दावा हवा-हवाई, स्थिति जस की तस: एक तरफ जहाँ एसडीएम का दावा है कि जमीन खाली करा दी गई है, वहीं जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। मौके पर लोहे के एंगल और रास्ते पर पड़ा झाड़-झंखाड़ चीख-चीखकर गवाही दे रहा है कि कार्रवाई के नाम पर केवल लीपापोती की गई है। ग्रामीणों ने वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि कागजी दावों के बजाय मौके पर पहुंचकर वास्तविक रूप से अतिक्रमण पूरी तरह साफ कराया जाए और बंद पड़े हैंडपंप की मरम्मत कराकर उसे जल्द चालू कराया जाए।

इनका कहना है

जहां पर अतिक्रमण था, उस जमीन को प्रशासन द्वारा खाली करवा दिया गया है। रहा सवाल हैंडपंप का तो वह पहले से ही बंद पड़ा हुआ है।

मनीष धनगर, एसडीएम, चंदेरी

जनपद सभागार में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम का आयोजन किया



अशोकनगर। मप्र जनअभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा शनिवार को जनपद सभागार में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष अभिषेक यादव, विशिष्ट अतिथि डॉ. जयमंडल यादव तथा यातायात प्रभारी मनीष चैहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि यातायात प्रभारी मनीष चैहान ने प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं नशामुक्ति विषय पर प्रशिक्षण दिया। सब इंस्पेक्टर पुनीत दीक्षित ने साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए साइबर ठगी, डिजिटल फ्रॉड, फर्जी कॉल, ओटीपी एवं लिंक फ्रॉड सहित अन्य साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. जयमंडल यादव ने स्वच्छता एवं पौधारोपण के महत्व पर मार्गदर्शन देते हुए पर्यावरण संरक्षण को जन-जन का दायित्व बताया। उन्होंने सभी से स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष अभिषेक यादव ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनहितैषी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चौहान ने मप्र जनअभियान परिषद की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों एवं विभिन्न सामाजिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए परिषद द्वारा संचालित कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

सहायक ग्रेड-3 की सेवानिवृति पर विदाई दी गई

ईसागढ़। जनपद पंचायत ईसागढ़ में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 गणेशराम



ओझा के सेवानिवृत होने पर जनपद पंचायत सभागार में गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रंजीत सिंह यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.पी. प्रजापति सहित जनपद पंचायत के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने ओझा के साथ बिताए वर्षों के अनुभवों को साझा करते हुए उनके सरल व्यक्तित्व, निष्पक्ष कार्यशैली एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ, सुखमय जीवन की कामना की।

छात्र परिषद ने ली नेतृत्व की शपथ

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आईटीबीपी करैरा में अलंकरण समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ करैरा

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आईटीबीपी, करैरा के प्राथमिक विभाग में शनिवार, 1 अगस्त 2026 को अलंकरण (इन्वेस्टिचर) समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी और सेवा की भावना विकसित करना था। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई।

कार्यक्रम से पहले प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को अलंकरण समारोह के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि छात्र परिषद का सदस्य बनना केवल सम्मान की बात नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों से ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने दायित्व निभाने का आह्वान किया।

इसके बाद विद्यालय की नव-निर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को बैज और सैश पहनाकर उनके पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी पदाधिकारियों ने विद्यालय और अपने साथियों के प्रति निष्ठा से कार्य करने की शपथ भी ली। इस वर्ष प्राथमिक विभाग में पहली बार जूनियर हेड बॉय और जूनियर हेड गर्ल के पद शुरू किए गए। इन पदों पर राघव यादव को जूनियर हेड बॉय और अलिस्वा खान को जूनियर हेड गर्ल बनाया गया। इसके अलावा विभिन्न सदनों के कप्तानों और अन्य छात्र पदाधिकारियों को भी सम्मानित कर उनके दायित्व सौंपे गए। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सारस्वत ने अपने संबोधन में कहा कि अच्छा नेतृत्व वही होता है जो ईमानदारी, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें। उन्होंने सभी नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन और मंच व्यवस्था पूर्णिमा शर्मा ने प्रभावशाली ढंग से संभाली। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसमें मोहित यादव, शाह आलम, देवार्चन मिश्रा, राहुल ओझा, अनुज सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह, निकेता पाल, एकता यादव, पूनम शर्मा और प्रांसू का सहयोग विशेष रूप से सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने नव-निर्वाचित छात्र परिषद को शुभकामनाएं दीं और विद्यालय की अच्छी परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। पूरे समारोह में उत्साह, अनुशासन और गौरव का माहौल देखने को मिला।

पुलिस विभाग ने सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया, स्मृति चिन्ह प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला पुलिस बल अशोकनगर में पदस्थ उनि0 तुलसीराम दोहरे एवं सउनि0 शफीक अहमद गौरी की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर विदाई समारोह का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। विदाई समारोह में उनि0 तुलसीराम दोहरे एवं सउनि0 शफीक अहमद गौरी अपने परिवार सहित उपस्थित हुये। इस दौरान शॉल श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।

उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त उनि0 तुलसीराम दोहरे पुलिस विभाग में दिनांक 20.05.1982 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुये, दिनांक 19.10.2010 को आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुये, दिनांक 13.07.2015 को प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुये, दिनांक 20.07.2026 को सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुये। सेवानिवृत्त उनि0 तुलसीराम दोहरे अपने सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान जिला बल गुना, शिवपुरी एवं अशोकनगर में पदस्थ रहें है। सेवानिवृत्त सउनि0 शफीक अहमद गौरी पुलिस विभाग में दिनांक 07.06.1988 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुये, दिनांक 19.07.2014 को आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुये एवं दिनांक 13.07.2026 को प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुये। सेवानिवृत्त सउनि0 शफीक अहमद गौरी अपने सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान जिला बल गुना एवं अशोकनगर में पदस्थ रहें है।

जिला शिक्षाधिकारी अपने ही आदेश का पालन नहीं करा पा रहीं!

आज तक नहीं हुए शिक्षकों के अटैचमेंट समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों में एक भी स्थायी प्राचार्य नहीं



जिले के 101 हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में एक भी प्राचार्य स्थायी नहीं है सभी प्राचार्य के पद प्रभार पर चल रहे हैं। इन प्रभारी प्राचार्यों को भी उस समय के तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारियों ने अपने हित साधकर उन्हें संस्थाओं में प्रभारी प्राचार्य बनाकर भेज दिया है। तब से वह आज तक अटैचमेंट का लाभ ले रहे हैं।

शिक्षा विभाग में पदस्थ शिक्षक जहां उनकी नियुक्ति है वहां कार्य न करते हुए या तो अन्य विद्यालयों में कार्य कर रहे हैं या फिर तहसील, निर्वाचन या एसडीएम जैसे कार्यालय में अटैच चल रहे हैं। जबकि स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने 14 जुलाई को आदेश जारी किया था कि संयुक्त संचालक लोक शिक्षण विभाग के आदेश के क्रम में उन्हें मूल संस्था की ओर कार्यमुक्त किया जाता है, जिसमें 11 शिक्षकों की सूची जारी की गई थी। लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी आज दिनांक तक अपने ही आदेश का पालन नहीं करा पाई हैं। शिक्षक आज भी जहां अटैच चल रहे थे वहीं कार्य कर रहे हैं।

जुलाई माह का वेतन क्या काटा जाएगा

जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने आदेश में यह भी कहा था कि यदि वह अपनी मूल संस्था में पदस्थ नहीं हुए तो उन्हें जुलाई माह का वेतन प्रदान नहीं किया जाएगा, लेकिन जुलाई का महीना व्यतीत हो गया है, लेकिन क्या जुलाई महीने का वेतन प्रदान किया जाएगा यह संसय आज भी बना हुआ है। सवाल सबसे बड़ा यह है कि शासन ने सभी शिक्षिकों की ऑनलाईन हाजिरी आवश्यक कर दी है, फिर उनकी हाजिरी कैसे लग रही है, क्या मूल संस्था में पदस्थ हैं या फिर अटैचमेंट करके रखा है वहां से हाजिरी लग रही है। इसमें भी गड़बड़ झाला है। यह तो मान लिया कि जो शिक्षक स्कूल नहीं जा रहे हैं और उनकी ऑनलाईन हाजिरी अगर नहीं लग रही है तो वहां तक ठीक है लेकिन जिन शिक्षकों का मूल पद जिस संस्था में हैं और अटैच मेंट कईं और है तो उनकी हाजिरी कैसे लग रही है। यह बड़ा सवाल जांच का विषय है।

सीनियर शिक्षकों की जा रही है उपेक्षा

जो शिक्षक उनसे अधिक सीनियर है या योग्य हैं उन शिक्षकों को योग्यता होने के बाद भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। सवाल यह है कि जो शिक्षक अटैच होकर संस्था में प्रमुख बने हैं ऐसी उनके अंदर क्या खासियत है कि उन्हें प्रभार देकर रखा गया है।

कई जगह एक ही शिक्षक पर एक से अधिक प्रभार

आप नईसरायं को ही देखिए वहां भी ओमप्रकाश जी को हायर सेकेण्ड्री के साथ साथ बीईओ का प्रभार भी दे रखा है, एक साथ उन पर कईं प्रभार हैं। इसी प्रकार मुंगावली में श्यामबिहारी शर्मा को भी कई अधिकार सौंपकर रखे गए हैं। ऐसी स्थिति में जिले में न तो जिला शिक्षा अधिकारी अटैचमेंट समाप्त करा पाई हैं और न ही उन्हें अपनी मूल संस्था में भेजा गया है।

इनका कहना है...

जिले में शिक्षकों के अटैचमेंट को समाप्त करने के लिए आदेश जारी किया गया था। यदि शिक्षक अपनी मूल संस्थाओं में नहीं पहुंचे हैं तो इस संबंध में जिले के सभी बीईओ से जानकारी ली जा रही है।

मधु शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अशोकनगर।

पवित्र श्रावण का संपत शनिवार पंचमुखी हनुमान मंदिर में मनाया गया

अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा 1 अगस्त को पवित्र श्रावण का संपत शनिवार मनाया गया। श्री पंचमुखी हनुमान जी महाराज का पूजन किया गया। पुराणों के अनुसार भगवान शिव शंकर को श्रावण माह परम पवित्र महीना है। उन्होंने बताया कि आषाढ़ माह की देवशयनी एकादशी को भगवान विष्णु जी योग निद्रा में चले जाते हैं तब पूरी सृष्टि का भार भगवान भोलेनाथ के ऊपर आ जाता है। तब भगवान भोलेनाथ ही इस सृष्टि का भरण पोषण करते हैं। इसीलिए सभी ऋषि मुनि भगवान की आराधना करते हैं भजन कीर्तन करते हैं ध्यान मग्न होते हैं और भोलेनाथ बहुत जल्दी प्रार्थना सुनते हैं। पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पीपल और समी वृक्ष का पूजन विशेष करके महिलाओं ने किया भगवान शिव शंकर का अभिषेक किया। आज दो नारियल के वृक्ष का रोपण किया गया उनको विधिवत खाद पानी डालकर सुरक्षित जगह पर लगा दिए गए हैं।

